I/112258/2024

पत्रांकः–11/वि० 11–188/2023 (281442)......441

<u>बिहार सरकार</u>

**शिक्षा विभाग**

**(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)**

प्रेषक,

**कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव,** भा०प्र०से०
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**सभी जिला।**

पटना, दिनांक– 10/02/2024

**विषयः– उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित कम्प्यूटर शिक्षकों से ICT Instructor का कार्य लेने के संबंध में।**

**प्रसंगः**– अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक– 11/वि० 11–188/2023 (281442)–257, दिनांक 25.01.2024 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के क्रम में अंकित करना है कि TRE-1 के तहत बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित लगभग 6862 कम्प्यूटर शिक्षक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में योगदान कर चुके हैं एवं TRE-2 के तहत लगभग 930 कम्प्यूटर शिक्षक बहुत जल्द विद्यालयों में योगदान कर लेंगे। साथ ही पूर्व से नियोजित लगभग 400 कम्प्यूटर शिक्षक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि उन सभी उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहाँ कम्प्यूटर विज्ञान के शिक्षक योगदान कर चुके हैं अथवा, करने वाले हैं एवं इन विद्यालयों में BOO Model के तहत ICT Lab अधिष्ठापित है, में ICT Lab का संचालन विद्यालय में पदस्थापित कम्प्यूटर शिक्षक द्वारा किया जायेगा।

इस प्रकार ऐसे सभी उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहाँ विभिन्न एजेंसियों द्वारा पूर्व में ICT Instructor उपलब्ध कराया गया था, में पदस्थापित कम्प्यूटर शिक्षक ही ICT Instructor का कार्य करेंगे एवं इन विद्यालयों में विभिन्न ऐजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराये गये ICT Instructor से 31 मार्च, 2024 के बाद कार्य नहीं लिया जायेगा। इस क्रम में पुनः यह स्पष्ट करना है कि BOO Model के तहत चयनित मध्य विद्यालय एवं ऐसे उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहाँ कम्प्यूटर विज्ञान के शिक्षक पदस्थापित नहीं है, में ही ऐजेंसी के तहत ICT Instructor से कार्य लिया जायेगा।

अमित कुमार

1/112258/2024

अतएव अद्योहस्ताक्षरी के प्रासंगिक पत्र को इस हद तक संशोधित समझा जाय एवं तदनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

विश्वासभाजन,

10/2/24

**(कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव)**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

ज्ञापांकः–11 / वि० 11–188 / 2023 (281442)-441 पटना, दिनांकः– 10/02/2024
प्रतिलिपिः– राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/2/24
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

अमित कुमार